>

Title: Need to provide basic amenities at Jalore railway station under Model Railway Station Scheme.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): महोदय, आज मैं रेलवे की मांग लेकर खड़ा हूं। ऐसा लग रहा है कि शायद रेल मंत्रालय को जालौर सीरोही से कुछ समस्या है। पिछले बजट में जालौर को आदर्श रेलवे स्टेशन घोषित कर दिया है, लेकिन वह कागजों पर ही बना हुआ है। ऐसे ही जो हमारा मोदरण रेलवे स्टेशन है, वहां पर हमने कम्प्लेन भी लिखवाई थी, लेकिन वहां पर भी जो मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए, वे हमें वहां नहीं मिल रही हैं।

महोदय, जालौर रेलवे स्टेशन पर पेय जल की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसा भी बोल सकते हैं कि वहां कुछ भी सुविधा नहीं है। वहां प्लेटफार्म बहुत गंदे पड़े हैं, वहां सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। शेड- पूरा प्लेटफार्म 500 मीटर लम्बा है, लेकिन प्लेटफार्म के ऊपर छाया के लिए कोई व्यवस्था बनी हुई नहीं है।

महोदय, रेलवे स्टेशन पर कोई भी ए.टी.एम. नहीं लगा है। वहां पर वेटिंग रूम आदि की कोई भी व्यवस्था नहीं है और कागजों में ही उसे आदर्श रेलवे स्टेशन बनाकर घोषित कर दिया है।

महोदय, जो मेरा मोदरण रेलवे स्टेशन है, मोदरण रेलवे स्टेशन के फाटक नम्बर 74 के सामने आशा पुरी माताजी का बहुत बड़ा मंदिर है। वहां पर वर्ष में कई मेले भी लगते हैं। मैंने कई बार रेल मंत्रालय को बोला है कि उस पर फाटक लगायें क्योंकि वह मानव रहित है और अगर मेले में कोई अनहोनी घटना हो जायेगी तो वहां बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहां पर फाटक भी लगाने का काम नहीं हुआ है।

महोदय, मैंने खुद ने मोदरण रेलवे स्टेशन पर जाकर 3-05-2011 को कम्प्लेन लिखवायी थी। वह कम्प्लेन खुद मेरे हाथों से लिखी है। उसका कम्प्लेन नम्बर 20051 है, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वहां जो हमने सुविधायें मांगी थीं, जैसे विक्लांगों के लिए रैम्प बनाना है, वह 11 फिट ऊंचा प्लेटफार्म है, लेकिन वहां पर जाने के लिए कोई रैम्प नहीं है। वहां तक विक्लांग को कैसे ले जाये जायेगा। आज जो मेरा सीरोही रेलवे स्टेशन है, महोदय वहां पर जो बुकिंग होती है, उसे दो बजे बंद कर देते हैं।

सभापति महोदय : आप अपनी मांग रखिये।

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): महोदय, पहले थोड़ा बोलना पड़ता है और अगर उसके बाद मांग रखी जाये तो अच्छा रहता है। मेरी मांग है कि जो मूलभूत सुविधाएं हमें वहां चाहिए, जो वहां के यात्री हैं, उन्हें फायदा पहुंचे। सीरोही शहर में पूरे दिन रिजर्वेशन काउन्टर चालू रहे और जालौर को जो आदर्श रेलवे स्टेशन घोषित किया है, उसे हकीकत में आदर्श स्टेशन बनायें। वहां पर हमारी मूलभूत सुविधाएं पूरी हों। पीण्डवाडा स्वरूपगढ़ में आरओबी बनाया जाये।